आफरी जोधपुर, ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8 मार्च 2016

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में 8 मार्च 2016 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में संस्थान के निदेशक श्री एन. के. वासु समेत संस्थान के समस्त अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं शोधार्थी उपस्थित थे। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती ऊषा वासु एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रितु भारद्वाज थी। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजा से एवं सामूहिक प्रार्थना "हम को मन की शक्ति देना" से हुई। संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिका डॉ. रंजना आर्य द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट करके मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. रंजना आर्य ने संस्थान की समस्त महिला कर्मचारियों का भी पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

इसके पश्चात डॉ. मीता शर्मा ने "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - एक परिचय" पर एक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान द्वारा उन्होने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता बताते हुए ये बताया कि ये इस दिवस को कब से और क्यों मनाया जाता हैं तथा विश्व में महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला।

संस्थान की श्रीमती संगीता त्रिपाठी एवं श्रीमती कुसुम परिहार द्वारा नारी की अभिव्यक्तियों पर भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत की गई। डॉ. सरिता आर्य द्वारा "महिला सशक्तिकरण" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अपने व्याख्यान द्वारा उन्होने घर, समाज एवं विश्व में महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

संस्थान की शोधार्थी सुश्री कोंपल अरोड़ा द्वारा श्रीकृष्ण गोपाल पर एक भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्रीमती मीता सिंह तोमर द्वारा तैयार किया गया एक वृत्तचित्र "विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान" दिखाया। इस वृत्तचित्र में प्राचीनकालीन भारतकाल से लेकर वृतमान आधुनिक भारत की नारीशक्ति के कार्यों का परिचय दिया गया और साथ वर्तमान समय महिलाओं के साथ घटित हो रही विसंगतियों को दूर करने का आह्वान किया गया।

श्रीमती संगीता त्रिपाठी द्वारा संस्थान में कार्यरत सभी महिलाओं के शुरू से लेकर वर्तमान तक कार्य करते हुए विभिन्न चित्रों को एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन "जीना इसी का नाम हैं" के माध्यम से बहुत ही रुचिकर तरीके से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि श्रीमती रितु भारद्वाज द्वारा सभागार में

उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत कर शुभकामनाएँ दी। मुख्य अतिथि महोदया श्रीमती ऊषा वासु ने भी अपने शुभकामनाएँ प्रेषित करी।

संस्थान के निदेशक महोदय श्री एन. के. वासु, भा.व.से. एवं अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत कर बताया कि महिलाएं सक्षम, शक्तिशाली, सहनशील, धैर्यवान और दृढ़-विचारों वाली होती हैं और अपने कार्यों का समायोजन सुचारु रूप से करने में पूर्ण सक्षम होती हैं ।

संस्थान के शोधार्थियों सुश्री अपूर्वा तिवारी, सुश्री ज्योति, सुश्री सोनाली भगत एवं सुश्री पारुल हकसर द्वारा सभागार कक्ष के द्वार पर सुंदर रंगोली बनाई गयी साथ ही डॉ. मीता शर्मा एवं सुश्री पारुल हकसर द्वारा पोस्टर के माध्यम से महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

समारोह का निर्देशन श्रीमती अभारानी गुप्ता ने एवं संचालन श्रीमती संगीता त्रिपाठी ने किया। समारोह के अंत में डॉ. माला राठौड़ द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

INTERNATIONAL WOMEN'S DAY

INTERNATIONAL WOMEN'S DAY



International Women's Day
8th MARCH 2016
STRONG WOMEN-STRONG INDIA
HAPPY WOMEN's DAY